



# भोपाल की सड़कों पर बिछा मौत का जाल


## 29 % बढ़ गया मौतों का ग्राफ

## हर 60 मिनट में उजड़ रही दो घर की खुशियां


साक्षी केसरवानी

**भोपाल, 29 अप्रैल. मध्यप्रदेश की सड़कों पर रफ्तार का जुनून और प्रशासनिक अनदेखी मासूम जिंदगियों पर भारी पड़ रही है. यातायात विभाग के पिछले पांच वर्षों के जो आंकड़े सामने आए हैं वे किसी डरावने सपने से कम नहीं हैं.**

औसतन हर घंटे दो लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा रहे हैं. अकेले भोपाल की बात करें तो पिछले 5 साल के भीतर करीब एक हजार लोगों ने अपनी सांसें सड़कों पर ही तोड़ दीं. यह स्थिति तब है जब यातायात व्यवस्था को सुधारने के दावे साल दर साल किए जाते रहे हैं.









### जागरुकता और सख्ती के बीच बड़ा अंतराल

सड़क हादसों के पीछे तेज रफ्तार में वाहन चलाना, नशे की हालत में ड्राइविंग करना और हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग न करना जैसे कई मुख्य कारण हैं. सड़क हादसों को लेकर समय-समय पर लोगों को जागरूक किया जाता है. साथ ही सड़कों पर हादसों को लेकर निरीक्षण कर सुधार किया जाता रहता है.

**बसंत कौल-**
**एडिशनल डीसीपी यातायात**

### रफ्तार के जुनून ने बनाया भोपाल को मृत्युलोक

राजधानी में सड़क सुरक्षा की पोल खोलते ये आंकड़े बताते हैं कि साल 2024 अब तक का सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाओं वाला साल साबित हुआ है. जिसमें 235 लोगों की मौत दर्ज की गई. रिपोर्ट के अनुसार भोपाल में अब हर दिन कोई न कोई परिवार अपना सदस्य खो रहा है. शहर में दुर्घटनाओं की संख्या भले ही साल 2023 के मुकाबले थोड़ी कम हुई हो लेकिन मौतों की गंभीरता और तीव्रता में इजाफा हुआ है जो यह दर्शाता है कि सड़कों पर चलने वाले वाहन अब पहले से कहीं ज्यादा अनियंत्रित और तेज गति में हैं.

### प्रदेश में 29 प्रतिशत बढ़ गया मौतों का ग्राफ

पूरे मध्य प्रदेश की तस्वीर और भी अधिक भयावह है. साल 2021 में जहां प्रदेश में 12 हजार के करीब मौतें हुई थीं. वहीं 2025 तक यह आंकड़ा 15 हजार को पार कर गया. महज चार साल में मौत के मामलों में 29 फीसदी की यह बढ़ोतरी व्यवस्थाओं की विफलता को उजागर करती है. प्रदेशभर में करीब 70 हजार लोग इन पांच सालों में काल के गाल में समा चुके हैं.

**व्यवस्थाओं की विफलता**

### इंजीनियरिंग की खामी और अंधेरे का खेल

विशेषज्ञों के अनुसार हादसों के लिए केवल मानवीय लापरवाही जिम्मेदार नहीं है. बल्कि शहर के कई प्रमुख मार्ग और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें मौत के अंधेरे में डूबी हैं. जहां न तो पर्याप्त स्ट्रीट लाइट है और न ही बिना गड्ढों वाली सड़क. ऐसे में वाहन चालकों के लिए ये कमियां एक ट्रैप का काम करती हैं. वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय विजिबिलिटी कम होना और अवैध कट होना इन दुर्घटनाओं को सीधे तौर पर आमंत्रण देने का काम करता है.

# युवक का अपहरण कर दी अमानवीय यातना

### निर्वस्त्र कर मारपीट, वीडियो वायरल

**भोपाल, 29 अप्रैल. राजधानी में वर्चस्व की लड़ाई के बीच एक युवक के साथ अमानवीय अत्याचार का सनसनीखेज मामला सामने आया है. कमला नगर और हनुमानगंज थाना क्षेत्र से जुड़े इस प्रकरण में बदमाशों ने युवक का अपहरण कर उसे निर्वस्त्र कर बेल्ट, लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा और उसके चेहरे पर पेशाब कर दिया.**

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना शनिवार की बताई जा रही है, जबकि शिकायत पहले कमला नगर थाने में दर्ज कराई गई थी. जांच में घटनास्थल हनुमानगंज थाना क्षेत्र का पाए जाने पर प्रकरण वहां स्थानांतरित किया गया, जहां मंगलवार देर रात मामला दर्ज किया गया.

बताया गया कि आरोपियों ने युवक को बहाने से नादरा बस स्टैंड बुलाया, जहां से उसका अपहरण कर सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ मारपीट की गई. इस दौरान युवक रहम की गुहार लगाता रहा, लेकिन आरोपियों ने उसे जमीन पर पटककर निर्वस्त्र किया और बेल्ट व लात-घूंसों से पीटते रहे. आरोप है कि बदमाशों ने उस पर चाकू से वार भी किया.

घटना के दौरान युवक द्वारा पानी मांगने पर आरोपियों ने उसके चेहरे पर पेशाब कर दिया और दहशत फैलाने के उद्देश्य से पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दिया.

हनुमानगंज थाना प्रभारी के अनुसार प्रारंभिक बयान में पीड़ित ने चेहरे पर पेशाब किए जाने की बात नहीं बताई थी, बाद में वीडियो सामने आने पर यह तथ्य उजागर हुआ. पुलिस ने चाकूबाजी सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है, हालांकि अब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं हो सके हैं.

पुलिस के मुताबिक पीड़ित 22 वर्षीय युवक है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी कुछ आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. मामले में संलिप्त आरोपी प्रेम थापा, गट्टू पिस्टल और एक नाबालिग बताए जा रहे हैं, जो हाल ही में जेल और बाल संप्रेक्षण गृह से रिहा हुए हैं.

### घटना के बाद से आरोपी फरार

प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि गैंग वर्चस्व की लड़ाई के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया. घटना के बाद से आरोपी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है. अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# खेत के गड्ढे में मिला लापता व्यापारी का शव

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंक

**भोपाल, 29 अप्रैल. ईटखेड़ी इलाके से पांच दिनों से लापता एक अनाज व्यापारी का शव गूंगा क्षेत्र के एक खेत बने पानी से भरे गड्ढे में मिलने से सनसनी फैल गई.**

मृतक की शिनाख्त लांबाखेड़ा निवासी देवेंद्र मेहरा के रूप में हुई है. शव की हालत इतनी खराब थी कि कपड़ों और मोबाइल के जरिए उसकी पहचान की जा सकी. परिजनों ने इस मामले को सीधा कत्ल करार देते हुए तीन करीबियों पर शक जताया है. व्यापारी देवेंद्र मेहरा 17 अप्रैल की रात घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे.

### किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल.** राजधानी के खजूरी सड़क थाना क्षेत्र के ग्राम लसूड़िया में एक किसान ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जानकारी के अनुसार किसान का नाम रवि मेवाड़ा (36) है. उसने अपने घर के बंद कमरे में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मार्ग कायम किया और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया. मिली जानकारी के अनुसार रवि मेवाड़ा खेती-किसानी के साथ सब्जी का थोक व्यापार करते थे.

# गौवंश वध के मामले में दो गिरफ्तार

**भोपाल, 29 अप्रैल. सूखी सेवनिया क्षेत्र में गौवंश वध में मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

26 अप्रैल को मुगलिया कोट निवासी कालूराम मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अपनी दो गायों को रात में खेत पर बांधा था जो गायब हैं . आसपास तलाश करने पर कालूराम गेहलोत के खेत में खून के निशान, अवशेष एवं रस्सी पड़ी मिली. प्रथम दृष्टया प्रतीत हुआ कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गाय एवं बछिया का वध कर मांस ले जाया गया है . पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था. इस मामले में पुलिस ने माज उर्फ भूरा पिता कमर कुरैशी, निवासी इस्लामपुरा और अमन कुरैशी पिता खालिद कुरैशी, निवासी इस्लामपुरा को गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों के पास से होंडा सिटी कार, दो बुगदा (चाकू) और तीन मोबाइल फोन जब्त किए हैं.

# क्राइम ब्रांच ने 2 किलो गांजा किया जब्त

## महिला सहित तीन लोग गिरफ्तार

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 29 अप्रैल. राजधानी में बुधवार को क्राइम ब्रांच ने 3 आरोपियों को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया. आरोपियों से दो किलो से अधिक गांजा जब्त किया गया. जिसकी कीमत लगभग 60 हजार रुपए बताई गई है.**

थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच अशोक मरावी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग गांजा बेचने की फिराक में घूम रहे हैं. मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी ने दल गठित कर आरोपियों की घेरा बंदी की. आरोपियों में एक महिला और दो पुरुष भीम नगर फायर बिग्रेड कार्यालय के पास दिखाई दिए. दोनों आरोपियों की पुलिस ने तलाशी ली जिनके पास नशीला पदार्थ गांजा पाया गया. पूछताछ में महिला ने अपना नाम रेखा सिंह निवासी वल्लभ नगर वार्ड, दूसरे आरोपी ने दिनेश कीर नर्मदापुरम और तीसरे ने विनोद बंगाली भीम नगर बताया.



# पूर्णिमा पर एक मई को गौतम बुद्ध का मनायेंगे जन्मदिवस

**भोपाल.** त्रिरत्न बौद्ध संस्थान के तत्वावधान में संयुक्त रूप से डॉ. बीआर अंबेडकर एवं तथागत भगवान गौतम बुद्ध की त्रिगुणी पूर्णिमा के अवसर पर 1 मई को कार्यक्रम का अयोजन ग्राम इमलिया में किया जाएगा. इस आयोजन में भगवान गौतम बुद्ध के मार्ग पर चलने के संबंध में त्रिरत्न बौद्ध महासंघ के धम्मचारिणी श्रद्धाव द्वारा डॉ. बाबा साहब अम्बेडकरजी एवं तथागत भगवान गौतम बुद्ध विचारों पर प्रवचन दिया जावेगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता धम्मचारी रत्नसिद्धि नागपुर द्वारा की जायेगी.

# स्लॉटर हाउस अनुबंध में अनियमितताओं का आरोप

## क्या इतना बड़ा अवैध कारोबार केवल 1 व्यक्ति के भरोसे चल रहा?

### शर्मा ने असलम चमड़ा की जमानत का किया उल्लेख

### यह जनआस्था, शासन की जवाबदेही से जुड़ा मुद्दा है

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 29 अप्रैल. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जहांगीराबाद स्थित मॉडर्न स्लॉटर हाउस के संचालन से जुड़े मामले में भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए हैं. पार्टी ने इसे जनआस्था और शासन की जवाबदेही से जुड़ा मुद्दा बताया है.**



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस के महासचिव अमित शर्मा ने कहा कि यह मामला केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि धार्मिक भावनाओं और सनातन परंपराओं से भी जुड़ा है. उन्होंने पिछले कुछ महीनों में स्लॉटर हाउस के संचालन को लेकर सामने आई शिकायतों का हवाला दिया.

शर्मा ने असलम चमड़ा की गिरफ्तारी और बाद में मिली जमानत का उल्लेख करते हुए सवाल उठाया कि क्या इतना बड़ा अवैध कारोबार केवल एक व्यक्ति के भरोसे चल सकता है. उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम की महापौर मालती राय सहित संबंधित अधिकारियों ने जानकारी से इनकार किया, जबकि दस्तावेजों पर उनके हस्ताक्षर मौजूद हैं.

प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार, अक्टूबर 2025 में परियोजना को छह माह का विस्तार दिया गया था, लेकिन बाद में बिना पेनल्टी 20 वर्षों का संचालन एवं संधारण अनुबंध दे दिया गया, जो प्रक्रिया में गंभीर उल्लंघन दर्शाता है.

> कांग्रेस ने करोड़ों रुपये की पेनल्टी माफ करने को मिलीभगत और पद के दुरुपयोग का मामला बताया है. पार्टी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से उच्चस्तरीय न्यायिक जांच की मांग करते हुए कहा कि वह इस मुद्दे को लगातार उठाती रहेगी.

# ननि के नए मुख्यालय में गर्मी से परेशान कर्मचारी

## गर्म पानी पीने को मजबूर हैं कर्मचारी, नए कूलर नहीं लगाए

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 29 अप्रैल. राजधानी में नगर निगम के नवीन मुख्यालय भवन में तीन शाखाओं को छोड़कर सभी शाखाएं तो शिफ्ट कर दी गई हैं लेकिन इस भवन में आधे अधूरे कार्य ही हुए हैं. वहां पर सुविधाओं का अभाव हैं.**

जिसमें सबसे प्रमुख तो पीने का पानी, दूसरा ठंडी हवा, तीसरा खिड़कियों के पर्दे नहीं होना. इस कारण कर्मचारी गर्मी झेलने को मजबूर हैं. इस भवन में लगभग दो महीने से निगम के अधिकारी और कर्मचारी कार्य कर रहे हैं.



### नहीं है कूलर की व्यवस्था

नवीन भवन में दो महीने होने के बाद भी कर्मचारियों को गर्मी से राहत देने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है. वहीं अधिकारियों के केबिन में एसी तो लगे हैं लेकिन अधिकतर बंद हैं. कर्मचारियों के बैठने के स्थान पर कूलर भी नहीं लगाए गए हैं. अभी तक एक भी वाटर कूलर नहीं लगाया गया. खिड़कियों में नहीं लगे पर्दे इस भवन में चारों तरफ बड़ी-बड़ी खिड़कियां हैं, जिससे यहां पर प्राकृतिक हवा आसानी से आ सके. लेकिन खिड़कियों में अभी तक पर्दे नहीं लगाए गए हैं. जिससे तेज गर्मी में गर्म हवा कर्मचारियों को मिल रही है.

**इनका कहना है...**

कर्मचारियों को मालूम है कि सारी व्यवस्थाएं हो रही हैं. उद्घाटन होगा तब पूरी व्यवस्थाएं हो जाएंगी.

**मालती राय, महापौर**

# दूध के टैंकर ने बाइक को रौंदा, एक की मौत

**भोपाल.** बैरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इमलिया स्वरूप के पास बीती शाम एक अनियंत्रित दूध के टैंकर ने बाइक सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए. 55 वर्षीय शिवनारायण विश्वकर्मा निवासी गणेशपुर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं. जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया.

**आयोजन** जिला पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष ने शिकायत पेटी का किया लोकार्पण

# बैठक में जलसंकट और अवैध उत्खनन पर चर्चा

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 29 अप्रैल. जिला पंचायत कार्यालय में बुधवार को साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई. अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुंवर नौरंग सिंह गुर्जर ने की. बैठक में जलसंकट, अवैध उत्खनन समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई.**

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी इला तिवारी ने एजेंडा पर बिंदुवार चर्चा की. अध्यक्ष ने नारी सशक्तिकरण बिल रखा. जिसे सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई. ग्राम पंचायत कलारा के शासकीय हाई स्कूल के छात्र सुरजीत सिंह ने 500 में से 490 अंक लाकर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया. जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सीईओ इला तिवारी ने छात्र सुरजीत सिंह एवं प्रभारी प्राचार्य स्वागत कर सम्मानित किया.



जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने बंद पड़े नलकूपों को ठीक करने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने का प्रस्ताव रखा है. बैठक में अवैध मिट्टी खुदाई का मुद्दा भी उठा. जिला पंचायत सदस्य चंद्रेश राजपूत ने ग्राम पंचायत अमरावत कला के सरपंच पर केरवा नदी में अमृत सरोवर गहरीकरण के नाम से हजारों डंपर मिट्टी बेचने का अरोप लगाया.

### अब पेटी डाल सकेंगे अपनी शिकायतें

जिला पंचायत कार्यालय में पहली बार शिकायत पेटी लगाई गई जिसमें अधिकारी, कर्मचारी जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन अपनी शिकायतें पेटी में लिखकर डाल सकते हैं. इसका लोकार्पण अध्यक्ष रामकुंवर नौरंग सिंह गुर्जर ने सदस्यों के साथ फीता काटकर किया.